दिन–रविवार

दिनांक– 09 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

मनोनीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम सवा सात बजे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनकी मंत्रिपरिषद् को भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। राष्ट्रपति ने श्री मोदी को सरकार गठन के लिए आमंत्रित किया था। इससे पहले शुक्रवार को श्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर सरकार गठन का दावा पेश किया था। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन –एनडीए के शिष्टमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर श्री मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता चुने जाने संबंधी पत्र सौंपा था। एनडीए के घटक दलों के समर्थन–पत्र भी ऱाष्ट्रपति को सौंपे गए थे। आज के शपथ–ग्रहण समारोह के लिए कई पड़ोसी देशों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। इनमें श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मुहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उप–राष्ट्रपति अहमद अफीफ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

———————————————————

मनोनीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज शपथ–ग्रहण से पूर्व अपने दिल्ली आवास पर चाय पर चर्चा का आयोजन किया। इसमें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह, जगत प्रकाश नड्डा, डॉक्टर सुब्रमण्यम जयशंकर, निर्मला सीतारामन, नितिन गड़करी, धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और किरेन रिजिजू शामिल थे। लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास गुट के प्रमुख चिराग पासवान ने भी प्रधानमंत्री से उनके आवास पर मुलाक़ात की है।

———————————————————

नरेंद्र मोदी की नई सरकार में बिहार से कुछ सांसदों को मंत्री बनाया जा सकता है। इनमें भाजपा कोटे से गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय के नामों की चर्चा है। वहीं, जदयू से ललन सिंह और रामनाथ ठाकुर संभावितों में शामिल हैं। इधर, लोजपा राम विलास के चिराग पासवान और हम प्रमुख जीतन राम मांझी का केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होना तय माना जा रहा है।

———————————————————

प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले अपने शपथ ग्रहण समारोह से पहले दिल्ली के राजघाट स्थित महात्मा गांधी के समाधी स्थल जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद श्री मोदी अटल स्मृति स्थल पहुंचे और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की।

———————————————————

शपथ ग्रहण समारोह का आकाशवाणी सीधा प्रसारण करेगा। यह प्रसारण दिल्ली के एफएम गोल्ड, इंद्रप्रस्थ और आकाशवाणी लाइव न्यूज चैनल पर शाम पौने सात बजे से किया जायेगा। आकाशवाणी के यू–टयूब चैनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। शपथ ग्रहण समारोह के सीधे प्रसारण के कारण आकाशवाणी पटना से शाम सात बजकर तीस मिनट पर प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार बुलेटिन का प्रसारण छह बजकर तीस मिनट से किया जायेगा।

———————————————————

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि संसद में उनके दल की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज नई दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में उन्होंने कहा कि लोकसभा में तो कांग्रेस एक बड़ी पार्टी होगी ही, इंडिया गठबंधन के घटक दलों से इसे और अधिक मज़बूती भी मिलेगी। श्रीमती गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की पहल ऐतिहासिक थी जिनसे पार्टी हर स्तर पर मजबूत हुई।

———————————————————

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट के पन्द्रह सौ से अधिक उम्मीदवारों को ग्रेस अंक दिए जाने की समीक्षा के लिए एक पैनल गठित किया है। यह परीक्षा पांच मई को आयोजित की गई थी और इसके परिणाम इस महीने की चार तारीख को घोषित किए गए थे। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि यह मुद्दा नीट परीक्षा के चार हजार सात सौ पचास केंद्रों में से उन छह केंद्रों और एक हजार छह सौ परीक्षार्थियों से संबंधित है जिनका समय गलत प्रश्नपत्र वितरित करने के कारण नष्ट हो गया था। उन्होंने कहा कि एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है जो इन परीक्षार्थियों को दिए गए ग्रेस अंकों की समीक्षा करेगी।

——————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में भीषण लू की स्थिति बनी हुई है। सुबह से ही लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों अधिकतर स्थानों पर पारा बयालीस डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बांका, जमुई, रोहतास, औरंगाबाद, नालंदा और शेखपुरा के कुछ स्थानों पर भीषण लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, राजधानी पटना, गया और नालंदा जिलों के कुछ स्थानों पर रात में भी मौसम के गर्म रहने की सम्भावना है। विभाग के अनुसार अगले पाँच दिनों तक राज्य के मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

——————————————————————

समाप्त